तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 22 मार्च 2024

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



11 बारिश पूर्व शहर के बड़े नालों की सफाई में ...





12 होली पर सजा रंग-गुलाल का बाजार, पिचकारी ...




## खबर संक्षेप

### दस दिवसीय निःशुल्क कराते प्रशिक्षण 1 से

**धमतरी।** 12 वर्ष से ऊपर बालिकाओं व महिलाओं के लिए 10 दिवसीय निःशुल्क कराते प्रशिक्षण शिविर का आयोजन धमतरी कराते-डू एसोसिएशन ने किया है। शिविर एक अप्रैल से शुरू होगा। प्रशिक्षण इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी, कुरुद, मगरलोड (मेघा) में दिया जाएगा। प्रशिक्षण का समय सुबह छह से सात बजे तक शाम पांच से छह बजे तक है। यह जानकारी कराते प्रशिक्षक अशोक सिन्हा ने दी है।

### गोपनीय सूचना व शिकायत के लिए एसपी ने किया मो. नंबर जारी

**धमतरी।** पुलिस व जनता के बीच संवाद बनाये रखने व अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई के लिए एसपी ने आमजनों के लिए व्हाट्सअप नंबर जारी किया है।



पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने आमजनों को पुलिस संपर्क को आसान बनाने के लिए व्हाट्सअप नंबर 94791-92299 जारी किया है। यह नंबर पुलिस कंट्रोल रूम में उपलब्ध रहेगी। इस नंबर पर गोपनीय सूचना, शिकायत, समस्या व कोई संदिग्ध गतिविधियां, बाहर से आये संदिग्ध लोगों की सूचना व फोटो, वीडियो भेज सकते हैं। सूचना पर पुलिस तत्काल एक्शन लेगी। किसी भी समस्या व अप्रिय घटना पर कंट्रोल रूम धमतरी 100 नंबर या 232517 नंबर डायल कर सूचना दी जा सकती है। सायबर अपराध को रोकने किसी भी तरह की धोखाधड़ी होने पर साइबर की टोल फ्री नंबर 1930 पर सूचना दे सकते हैं।

### वनांचल में इंटरनेट ठप होने से बढ़ी परेशानी

**धमतरी।** वनांचल में पिछले तीन दिन से नेटवर्क की समस्या है। इससे कई गांवों में ऑनलाइन कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वहीं सोशल मीडिया भी ठप पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने नेटवर्क की समस्या दूर करने की



मांग की है। ग्राम गट्टासिल्ली सहित आसपास के कई गांवों में इंटरनेट की समस्या है। यहां पर जीओ का टावर लगा हुआ है। जीओ का नेट भी चलता है। कई कम्पनियों के नेट यहां पर उपलब्ध नहीं है। पिछले तीन दिनों यहां जीओ का नेटवर्क भी सुस्त हो गया है, जिसके चलते ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शासकीय कार्य भी बुरी तरह से प्रभावित है। खासकर युवाओं को नौकरी आदि के लिए ऑनलाइन फार्म भरने में परेशानी हो रही है। इंटरनेट नहीं होने से सोशल मीडिया ठप पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने तत्काल ही इंटरनेट की सुविधा बहाल करने की मांग की है।

अन्तर्राज्यीय दो चोर सहित सुनार गिरफ्तार, आरोपियों से 4.32 लाख के चोरी की ज्वेलरी बरामद

# छोटी चोरी से हुआ दस बड़ी चोरियों का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

हटकेशर वार्ड के सूने मकान में छोटी चोरी की घटना की जांच में जुटी पुलिस को दस बड़ी चोरियों को अंजाम देने वाले अन्तर्राज्यीय दो चोर व उनका एक सहयोगी सुनार को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

शहर के विभिन्न कालोनी व वार्डों में बीते दो-तीन वर्ष में चोरी की घटनाएं हुई थी। घटना के बाद आरोपियों द्वारा तत्काल जिले से बाहर फरार हो जाने के कारण उक्त चोरी की गुत्थी नहीं सुलझ पाती थी। इसी तरह बीते 19 फरवरी की रात्रि हटकेशर वार्ड के हाउसिंग बोर्ड कालोनी के एक सूने मकान से अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवर व नगदी की चोरी कर फरार हो गये थे। घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन व डीएसपी नेहा पवार के मार्गदर्शन में सायबर सेल व कोतवाली पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज को खंगाला गया, जिसमें तीन व्यक्ति को संदिग्ध स्थिति में कालोनी में घूमते पाया गया। पुलिस ने संदेही आरोपियों की फोटो सोशल मीडिया, व्हाट्सअप व टेलीग्राम के माध्यम से भेजकर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। जिसके तहत ग्रुप के माध्यम से सूचना मिली की भेजी गई फोटो गणपत निवासी टाण्डा जिला धार म.प्र. का है। संदेही आरोपी को पकड़ने पुलिस टीम को धार म.प्र. रवाना किया गया। संदेही के घर के आसपास पुलिस ने कैम्प लगाकर मुखबीर तैनात किया गया। सूचना पर पुलिस टीम ने गणपत मोहनिया को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में गणपत ने अपने साथी कलम सिंह, नूरसिंह मोहनिया, कैलाश कटारे व सरदू कटारे के साथ मिलकर चोरी करना बताया। आरोपी गणपत अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह का सरगना था। ये लोग बीते 30 साल से चोरियां कर रहे थे। छोटी चोरी की जांच कर रही पुलिस ने बड़ी चोरी के आरोपियों को बेनकाब कर दिया।

### चौखट पर पड़ी धूल की परत देख बनाते थे टारगेट

एसपी ने बताया कि आरोपी दिन में रेकी कर सूने घर पर लगे ताला व चौखट के पास पड़ी धूल की परत, पड़े अखबार की कापी को देख चोरी के लिये उक्त मकान को टारगेट कर देर रात्रि ताला तोड़कर चोरी कर फरार हो जाते थे। वहीं भागते समय आसपास खड़ी बाइक को चुराकर दूसरे जिला पहुंच जाते थे।



### आरोपियों की गिरफ्तारी में इनकी रही भूमिका

अन्तर्राज्यीय चोरों को म.प्र. जाकर दबोचने में सायबर प्रभारी सन्नी दुबे, कोतवाली प्रभारी शरद ताम्रकार, केरेगांव प्रभारी एएसआई प्रदीप सिंह, सायबर सेल से प्र.आ. देवेन्द्र राजपूत, आनंद कटकवार, कृष्णा पाटिल, झमेल राजपूत, वीरेन्द्र सोनकर, विकास द्विवेदी, युवराज ठाकुर, मुकेश मिश्रा, योगेश ध्रुव, आरक्षक कमल जोशी, धीरज डड़सेना की सराहनीय भूमिका रही।

### दस चोरियों का किया खुलासा

पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में गुरूवार को आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने बताया कि आरोपी गणपत मोहनिया, कलम सिंह व नूरसिंह म.प्र. से छ.ग. में चोरी करने पहुंचे। 19 फरवरी की रात्रि हटकेशर वार्ड के सूने मकान में चोरी कर दूसरे घर के आंगन में रखी बाइक को चुराकर तीनों कांकेर भाग गये। जहां बस स्टैण्ड में बाइक को छोड़कर बस में सवार हो कोण्डागांव चले गये। 20 फरवरी की रात्रि तीनों ने कोण्डागांव के सूने मकान में चोरी की। वहीं 21 फरवरी की रात्रि कोण्डागांव के शराब दुकान में चोरी का प्रयास किया तथा एक सूने मकान से चोरी किया। पड़ोस के मकान से बाइक चुराकर तीनों वापस रायपुर के लिये निकल गये। रास्ते में बाइक को फेंककर म.प्र. लौट गये। इसी तरह आरोपियों ने अगस्त 2022 में गुजराती कालोनी के सूने मकान में चोरी व दिसंबर 2023 में कांकेर के शराब दुकान व दो मकान में चोरी की थी। आरोपी गणपत मोहनिया 42 वर्ष, कलम सिंह मंडले उम्र 42 वर्ष व चोरी के जेवर खपाने वाले सुनार दीपक सोनी तीनों जिला धार म.प्र. निवासी को गिरफ्तार किया गया है। जबकि गिरोह के नूरसिंह 25 वर्ष, कैलाश कटारे व सरदू कटारे तीनों जिला धार म.प्र. निवासी फरार हैं। आरोपियों के कब्जे से 4.32 लाख के चोरी के जेवर व औजार जब्त किया गया है। प्रेसवार्ता में डीएसपी नेहा पवार उपस्थित रही।

# जिले की 8 लाख आबादी की सेहत खतरे में


### केस 1

ग्राम पंचायत अर्जुनी शहर से लगा हुआ बड़ा गांव है। यहां पर पानी की सप्लाई स्कूल के पास बने हुए ओव्हरहैड टंकी से होती है। विडंबना यह है कि इस टंकी की सफाई सालों से नहीं हुई है। टंकी में सफाई की तारीख भी 10 मई 2021 की लिखी हुई है।

### केस 2

ग्राम पंचायत खपरी में गोठान के पास बने ओव्हरहैड टंकी से पानी की सप्लाई होती है। यहां भी काफी पहले टंकी की सफाई की गई थी। पानी टंकी में सफाई का दिनांक 20 अप्रैल 22 अंकित है। ग्राम पंचायत देमार में भी टंकी की सफाई एक साल से ज्यादा वक्त हो चुका है।

### समय पर नहीं हो रही गांवों में स्थित ओव्हरहेड टंकियों की सफाई









हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

जिले की 8 लाख की आबादी गांवों में निवास करती है। यहां पर पानी सप्लाई का एकमात्र विकल्प भू-जल स्त्रोत है। अधिकांश पानी सप्लाई के लिए ओव्हरहैड टंकियां बनाई गई है, मोटरपंप इन टंकियों को भरा जाता है। इसके बाद सुबह-शाम गांव में पानी की सप्लाई होती है। विडंबना यह है कि मोटरपंप से तो ताजा और साफ पानी आता है लेकिन टंकियों की सफाई सालों से नहीं होने के कारण गांवों में दूषित पानी का खतरा बना हुआ है। गर्मी शुरू होते ही जलजनित बीमारियों का खतरा बना हुआ है। सालों से सफाई नहीं होने पर ये टंकियां बीमारियों के खतरे को और बढ़ा रही हैं। हरिभूमि ने गुरुवार को कई गांवों का निरीक्षण किया, अधिकांश गांवों में पानी टंकियों की सफाई की तिथि दो से तीन साल पहले की अंकित है।

### 6 माह में होनी चाहिए सफाई

पीएचई से मिली जानकारी के अनुसार पानी टंकियों की सफाई की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों की है। नियम के अनुसार हर 6 माह में टंकियों की सफाई अनिवार्य है लेकिन अधिकांश गांवों में इसकी अनदेखी की जा रही है। पीएचई द्वारा टंकियों की सफाई के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। जेजेएम के तहत इम्पलीमेंट सपोर्ट एजेंसी (आईएसए) लगातार प्रचार कार्य में जुटी हुई है। इसके बाद भी ग्राम पंचायतों में टंकियों की सफाई में लापरवाही बरती जा रही है।

### कई गांवों की टंकियां खाली

ग्राम पंचायत तेलीनसत्ती में एकल ग्राम जल प्रदाय योजना के तहत वर्ष 2022 में 74.49 लाख रुपए से पानी की टंकी का निर्माण किया गया। निर्माण के बाद से लेकर आज तक इस टंकी में पानी नहीं भरा जा सका है। ग्रामीणों ने बताया कि टंकी में लीकेज की समस्या है। टंकी का पूरा पानी लीकेज में बह जाता है। यहां पर मोटरपंप से सीधे टेपनलों में सप्लाई होती है। इसी प्रकार देमार में नलकूप का लेवल घट गया है। यहां पर टंकी आधा ही भर पाता है। ग्रामीणों को आधा घंटा ही पानी मिलता है।

जिले के जंगल हाथियों के लिए सुरक्षित ठिकाना

# गर्मी बिताने हाथियों की आमद शुरू

**धमतरी।** तापमान बढ़ने के साथ हाथी सुरक्षित ठिकानों की ओर कूच करने लगे हैं। सिकासेर दल के 35 से 40 हाथी जबर्रा के जंगल में अपना ठिकाना बना लिया है, वहीं चंदा दल का एक दंतैल गरियाबंद जिले से उत्तर सिंगपुर के जंगल में दस्तक दे दी है।

उल्लेखनीय है कि जिले में गंगरेल, सोढूर, माड़मसिल्ली, दुधावा बांध है। गर्मी का मौसम आते ही हाथी पानी वाले क्षेत्र की ओर कूच करने लगे हैं। गुरूवार को एक दंतैल पैरी नदी को पार कर उत्तर सिंगपुर के परिसर रेंगाडीह में पहुंच गया है। माना जा रहा है कि इस दंतैल के पीछे चंदा दल के और हाथियों की आमद हो सकती है। हाथी की मौजूदगी को देखते हुए जलकुंभी, हथबंद, रेंगाडीह, राजाडेरा, कोरगांव, परसाबुड़ा, मडेली, बकोरी, तेंदूभाठा, बुढ़ाराव, बनियातोरा, बेलरदोना, भैंसमुंडी, मगरलोड को अलर्ट किया गया है।

### चारगांव के जंगल में 3 दर्जन हाथी

सिकासेर दल के 35 से 40 हाथी विगत कई दिनों से दुगली जबर्रा के जंगल में विचरण कर रहे हैं। गुरुवार को पश्चिम चारगांव के कक्ष क्रमांक 334 में मौजूद है। हाथियों से खतरे को देखते हुए चारगांव, जबर्रा, खरखा, गजकन्हार, तुमबाहरा, कल्लेमेटा, बिलभदर, डोगाडूला, दुगली गांव को मुनादी कर अलर्ट किया गया है।

भटगांव के रीपा केंद्र में ताना बाना का प्रशिक्षण ले रही हैं महिलाएं

# हथकरघा से घर बैठे मिल रहा है रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी





भटगांव के रीपा केंद्र में हैंडलूम (मांगा) के ताना बाना से आ रही खटाखट की आवाज लोगों को बरबस आकर्षित कर रही है। टीन शेड के बड़े से हाल वाले भवन में कोई महिला सूत कात रही हे तो कोई हैंडलूम पर कपड़ा बुनने का काम कर रही है। यहां मौजूद महिलाओं ने बताया कि यहां घर बैठे रोजगार दिलाने वाला काम है। प्रशिक्षित व्यक्ति रोजाना 500 रुपया का आमदनी आसानी से कमा सकता है।

नवीन महिला हथकरधा बुनकर सहकारी समिति मर्यादित के प्रबंधक हिरेश देवांगन ने बताया कि सरकार पुस्तैनी उद्योग हथकरधा बुनकरी को प्रोत्साहन दे रही है। इसके तहत नवीन बुनाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह तीसरा बेच का प्रशिक्षण है। 21 दिसंबर से 20 अप्रैल तक कुल चार माह का प्रशिक्षण होता है। प्रशिक्षण पश्चात प्रत्येक प्रशिक्षु को प्रतिमाह 1500 के हिसाब से 4 माह की राशि दी जाती है। 15 हजार का हथकरघा तथा 3000 रुपया का सहायक उपकरण उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि यह तीसरा बेच है। पहला बेच तुमराबहार तथा दूसरा बेच का प्रशिक्षण डांगीमांचा में दिया गया है। आगे बताया कि छग राज्य हथकरधा सह.समिति मर्या.रायपुर से सूत, धारा आदि कच्चा माल उपलब्ध होता है। जिससे टावेल, बेडशीट, टयूनिट, शूटिंग, गमछा आदि बनाया जाता है।

### रोजाना 500 रुपए की होती है आमदनी

हथकरधा बुनकर प्रशिक्षक त्रिवेणी साहू बताती है कि शूटिंग कपड़े की बुनाई पर प्रतिमीटर 28.50 रुपए, ट्यूनिट कपड़े की बुनाई पर प्रतिमीटर 27.80 रुपया, प्रति बेडशीट की बुनाई पर 135 रुपए, गमछा-पटका 30 इंच चौड़ा और 55 इंच लंबा का 100 रुपए दर निर्धारित है। प्रति व्यक्ति बुनकरी काम से रोजाना 500 रुपया की कमाई कर सकता है। बुनकरों को प्रोत्साहित करने बोनस, पीएफ, स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जा रहा है।

### बुनकर सह आवास योजना में 2.50 लाख की सहायता

बुनकरों को शासन आवास योजना का लाभ दे रही है। प्रबंधक हिरेश देवांगन बताते हैं कि जो नियमित बुनकर हैं उसे शासन बुनकर सह आवास योजना के तहत मकान बनाने के लिए 2.50 लाख की सहायता दे रही है। इस योजना के तहत विश्रामपुर के दो तथा डांगीमांचा के एक बुनकर का नाम आवास योजना के तहत स्वीकृति मिलने वाली है।

### धमतरी विकासखंड में 600 बुनकरों को रोजगार

धमतरी ब्लाक के ग्राम भटगांव, कुर्रा, बिजनापुरी, अछोटा, पोटियाडीह में हथकरघा बुनकर समिति है। जिसके अंतर्गत 600 बुनकरों को रोजगार उपलब्ध होता है। बताया जाता है कि बिजनापुरी में समिति का भवन है जबकि अन्य समिति किराये के भवनों में प्रशिक्षण एवं कार्यालयीन कार्य होते हैं। उल्लेखनीय है कि समिति को स्वयं के भवन के लिए शासन 20 लाख रुपए का राशि प्रदान करती है लेकिन पंचायतों द्वारा शासकीय जमीन उपलब्ध नहीं किए जाने से समिति का स्वयं का भवन नहीं बनवा पा रहा है।

प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन, उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने भाजपा की सदस्यता दिलाई

# पूर्व पीसीसी सचिव राजेंद्र लुंकड ने साथियों के साथ किया भाजपा प्रवेश

- प्रधानमंत्री मोदी के राष्ट्रनिर्माण के प्रेरणा से राजेंद्र लुंकड ने किया भाजपा प्रवेश : प्रीतेश गांधी

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी





देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विश्व में भारत के बढ़ते प्रभाव, विकसित भारत संकल्प 2047, राम मंदिर निर्माण, सशक्त राष्ट्र के निर्माण एवं भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रभावित होकर प्रीतेश गांधी प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में धमतरी से दो बार के विधायक रहे स्व. केशरीमल लुंकड के पुत्र एवं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव राजेंद्र लुंकड के नेतृत्व में धमतरी से बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने भाजपा प्रवेश किया। प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, सांसद सुनील सोनी, पूर्व विधायक सौरभ सिंह सहित वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में भगवा गमछा पहनाकर सभी का भाजपा परिवार में सदस्यता दिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री रामु रोहरा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

प्रीतेश गांधी प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य के मार्गदर्शन में पूर्व विधायक स्व. केशरीमल लुंकड के पुत्र राजेंद्र लुंकड के नेतृत्व में रजत कुमार लुंकड, प्रदीप अग्रवाल, सलज अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष रोटरी क्लब, राकेश झंवर, अमित महावर, सत्येंद्र शर्मा, रवि दोशांज, अभिषेक गोयल, मनोज कोठारी, अजय गोयल अध्यक्ष रोटरी क्लब, अविनाश यादव, देवेश पवार, पुरुषोत्तम यादव, विनय साहू, कृष्ण कुमार यादव, पुरुषोत्तम सिन्हा, कमल साहू, आकाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने भाजपा प्रवेश किया। प्रीतेश गांधी प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य ने बताया कि भाजपा प्रवेश के साथ सभी ने आगामी लोकसभा चुनाव में धमतरी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा लोकसभा प्रत्याशी को सबसे अधिक मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया है।

### लिमतरा में एक दिवसीय फाग सम्मेलन 23 को

**धमतरी।** श्री राम हिंदू संगठन एवं समस्त ग्रामवासी लिमतरा के जन सहयोग से 23 मार्च शनिवार को एक दिवसीय फाग सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन एवं शुभारंभ श्रीमती फगेशवरी साहू सरपंच एवं नागरिकों के करकमलों से होगा। समापन समारोह में ओंकार साहू विधायक, इंदरचंद चोपड़ा पूर्व विधायक, ब्रजेश जगताप जनपद सदस्य, आंनद पवार, ओमप्रकाश साहू, डोमन साहू एवं चंद्रहास साहू होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंचू साहू, रविशंकर, राजेश, नेकराम, रामकुमार, महेंद्रसिंह, टेकराम, पंकज, प्रदीप, पेमेश एवं सोनू साहू लगे हुए हैं। कार्यक्रम का संचालन कमल साहू सिवनीकला करेंगे।


**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



धमतरी : भाजपा के युवा नेता महावीर चोपड़ा ने गत दिनों अयोध्या के श्रीराम लला मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ भगवान का दर्शन प्राप्त किया।

### 5 अप्रैल को मनाई जाएगी मां कर्मा जयंती

**धमतरी।** तहसील साहू समाज की बैठक साहू सदन रुद्री में हुई जिसमें तहसील, परिक्षेत्र व ग्रामीण पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष गोपाल साहू ने की। बैठक में मुख्य रूप से 5 अप्रैल को साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा जयंती को धूमधाम से मनाने व सामाजिक प्रकरणों पर चर्चा की गई। जिला साहू संघ अध्यक्ष अवनेंद्र ने समाज को समरसता के कार्यों से जोड़कर सामाजिक नियमावली का पालन करते हुए सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर जोर दिया। तहसील अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा कि 5 अप्रैल को साहू समाज की आराध्या भक्त माता कर्मा की जयंती सभी जगह एक ही दिन मनाई जायेगी। आने वाले समय में समाज की महिलाओं एवं युवाओं के उत्थान के लिए कार्यक्रम चलाए जाने की बात कही।

### कलेक्टर नम्रता गांधी व एसपी आंजनेय वार्ष्णेय को सौंपा ज्ञापन

# विहिप, बजरंग दल ने की ऑनलाइन डिलीवरी मार्केट रोकने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सदैव समाज हित में देश हित में और धर्म हित में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है। लगातार समाज और देश के साथ धर्म रक्षा का कार्य करता रहा है। विश्व हिंदू परिषद द्वारा व्यापारी हित में तथा नशे और अपराध के जड़ से खत्म करने ऑनलाइन डिलीवरी होने वाले सामान को बंद करने तथा ऑनलाइन डिलीवरी के माध्यम से नशे का सामान और हथियार, बटंची, तलवार और आपराधिक सामान का डिलीवरी रोकने सार्थक प्रयास किया है। उनका कहना है कि ऑनलाइन डिलीवरी के माध्यम से छोटे बच्चे लगातार नशे और अपराध के आदी होते जा रहे हैं। इस संदर्भ में लगातार विश्व हिंदू परिषद संज्ञान लेकर जागरूकता का कार्य करता रहा है। कुछ दिन पूर्व ही ऑनलाइन मार्केट से व्यापारियों को होने वाले नुकसान और परेशानियों के बारे में जानकारी हेतु उनके द्वारा जिले के सभी व्यापारियों की बैठक रखी गई। जिसमें छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स धमतरी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के साथ





जिले और नगर के तथा ग्रामीण स्तर के छोटे बड़े व्यापारी शामिल हुए। जिन्होंने ऑनलाइन डिलीवरी के माध्यम से होने वाले नुकसान तथा फ्रॉड और बढ़ते अपराध तथा नशे के बारे में चर्चा की गई। आज इसी कार्य योजना के तहत विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारी एवं सदस्य कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के समक्ष ऑनलाइन डिलीवरी होने वाले सामानों के कारण सामाजिक एवं आर्थिक तथा व्यापारिक नुकसान और बढ़ते अपराध नशाखोरी के बारे में जानकारी दी गई। कलेक्टर के द्वारा बताया गया कि ईकॉमर्स को प्रतिबंधित करना सरकार का कार्य है किंतु प्रशासन स्तर पर बढ़ते अपराध और नशाखोरी तथा सामाजिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए कुछ कारवाई जरूर की जा सकती है। तत्पश्चात उन्होंने जिले के पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय से भी चर्चा की गई। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने बताया गया की जहां पर भी डिलीवरी प्वाइंट बनाया गया है वहां पर स्कैनर की व्यवस्था की जाए इसका प्रयास किया जाएगा। साथ ही कुरियर और डिलीवरी प्वाइंट चलाने वाले लोगों से नशीली एवम् प्रतिबंधित दवाई तथा अपराधिक सामान बटंची तलवार जैसे हथियार, घातक सामानों की डिलीवरी न करने हेतु आदेशित कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। साथ ही पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा व्यापारियों के लिए कुछ सुझाव भी दिए गए जिससे कि लोकल बाजार में व्यापार बढ़ सके। उन्होंने यातायात व्यवस्था पर भी चर्चा की।

इस अवसर पर मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के मुख्य मार्गदर्शक के रूप में समाजसेवी मोहन साहू, जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, जिला कार्यकारी अध्यक्ष दीपक ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष (महिला) गायत्री सोनी, जिलामंत्री विहिप रामचन्द देवांगन, जिला सह संयोजक डाकेश्वर साहू, जिला प्रचार प्रमुख योगेन्द्र साहू, प्रखण्ड सत्संग प्रमुख इंद्र कुमार निखिल, गौ रक्षा प्रमुख गणेश सिन्हा, साप्ताहिक मिलन प्रमुख राहुल मेश्राम, नगर संयोजक चित्रेश साहू प्रतीक सुंदरानी तथा प्रखण्ड मंत्री दीपक सोनी, प्रखण्ड सह संयोजक महेंद्र ध्रुवंशी, रानी चुनेश्वरी सिन्हा, पिंगला साहू, दिलीप साहू प्रखंड मंत्री धमतरी, पीयूष पारख नगर कार्याध्यक्ष, कैलाश बख्तानी, नगर अध्यक्ष, देवेन्द्र ध्रुवंशी, जतिन देवांगन संपर्क प्रमुख, विजय मिश्रा विशेष सह सम्पर्क प्रमुख, बिट्टू गावलानी, नेमचन्द साहू खण्ड अध्यक्ष आयुष पात्रे के साथ सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आदतन अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- बोरझरा के बाजार चौक के पास चाकू लेकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था, भखारा पुलिस ने की कार्रवाई
- आरोपी के कब्जे से धारदार स्टील का चाकू बरामद कर धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराने के लिए सभी थाना प्रभारी को अवैध हथियार, बटंची चाकू एवं अन्य अवैध कारोबारियों एवं गुंडा बदमाशों के विरुद्ध कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये गए हैं।

इसी तारतम्य में थाना प्रभारी भखारा को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम बोरझरा बाजार चौक के पास चाकू लेकर आसपास एवं आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है तथा चाकू को लहरा रहा है। सूचना के आधार पर उक्त स्थान पर घेरा बंदी की कार्यवाही की गई और एक व्यक्ति जो अपने हाथ में एक स्टील के धारदार चाकू लहराते हुये मिला जिसे पकडकर नाम पता पूछने पर अपना नाम तानाजी राव ऊर्फ मोनू पिता रत्नाकर राव उम्र 30 वर्ष साकिन बांसपारा धमतरी हॉल ग्राम बोरझरा थाना भखारा जिला धमतरी का रहने वाला बताया। जिसके कब्जे से चाकू को जप्त किया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का घटित करना पाये जाने से आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। आरोपी तानाजी राव के विरुद्ध जिला धमतरी के अलग अलग थानों में पूर्व में भी अपराध पंजीबद्ध है।

थाना सिटी कोतवाली धमतरी में नकबजनी के 08 प्रकरण, आर्म्स एक्ट के 03 प्रकरण, चोरी के 5 प्रकरण, मारपीट के 1प्रकरण, थाना अर्जुनी में चोरी के 2 प्रकरण, थाना भखारा में छेडछाड का 1 प्रकरण, जुआ एक्ट के 1 प्रकरण, आर्म्स एक्ट के 1 प्रकरण आरोपी के विरुद्ध दर्ज हैं। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर, सउनि. तेजू राम सिन्हा, प्रआर. सीताराम नारंग, शेखर सिन्हा, रामसिंग साहू, आरक्षक हेमराज नेताम, हरिशंकर डहरिया, खुमान लाल साहू, संदीप साहू, फागेन्द्र साहू का विशेष योगदान रहा।

# कोशिशें ही आपको सफल बनातीं हैं : पुष्पलता

- शासकीय बीसीएस पीजी कालेज में कैरियर गाइडेंस एण्ड प्लेसमेंट पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी की प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवम कैरियर गाइडेंस एण्ड प्लेसमेंट सेल प्रभारी सहायक प्राध्यापक गोविंद प्रसाद के द्वारा विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के लिए 18.03.2024 को आगामी छत्तीसगढ सेट परीक्षा हेतु काउंसलिग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता पीतांबर सिन्हा सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र नवीन शासकीय महाविद्यालय कंडेल, पीयूष कांत भारद्वाज सहायक प्राध्यापक भूगोल कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय गोबरा नवापारा, रायपुर एवं सुश्री पुष्पलता कंवर सहायक प्राध्यापक वानस्पतिक शास्त्र कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय गोबरा नवापारा, रायपुर रहे। मां सरस्वती के समक्ष दीपप्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



निरंजन कुमार सहायक प्राध्यापक ने कार्यक्रम का परिचय देते हुये सेट परीक्षा के महत्व से अवगत करवाया। पीतांबर सिन्हा ने छत्तीसगढ सेट परीक्षा के लिये पात्रता, पाठ्यक्रम, प्रश्नो की संख्या, प्रश्नपत्र के भाग (जनरल एप्टिट्युट और विषय आधारित), कट ऑफ मार्क्स, टेस्ट सिरीज, पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के लाभ से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की और कहा कि प्रतिशत आपके बुद्धि का आंकलन नहीं करता, ज्ञान आपकी बुद्धिमत्ता का आंकलन करता है। सर के द्वारा दिये गये प्रेरक उदाहरण विषय-वस्तु को समझने में सरल रहे। पीयूष कांत भारद्वाज ने बौद्धिक क्षमता के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त किये, जिसमें दिमाग के तीन भागों की जानकारी देते हुये मेमेरियन ब्रेन में लम्बे समय तक सूचना कैसे संग्रहित रहती है समझाया। मानसिक तनाव से बचने के उपाय बताये। नये प्रश्नों का निर्माण करना। परीक्षा से संबंधित पुस्तकों की जानकारी प्रदान की। उन्होने कहा विषय के मर्म को समझकर अपने आप को उत्तम बना पायेंगे।

सुश्री पुष्पलता कंवर ने चंचल मन को भटकने से कैसे बचाये, मोबाइल फोन का सदुपयोग, स्वयं से नोट्स बनाये, समय प्रबंधन कैसे करे, प्रश्न को हल करने की तकनीक से अवगत करवाया। रिक्त समय में अपनी हॉबी को स्थान दे जिससे मन प्रसन्न रहता है। मैडम ने कहा कोशिशें ही आपको सफल बनाती है। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने अपने प्रश्न विषय विशेषज्ञों के समक्ष रखे। मुख्य वक्ताओं को प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। श्री गोविंद प्रसाद आभार व्यक्त किया तथा आकांक्षा मरकाम ने मंच संचालन किया। इस कार्यक्रम में आकांक्षा कश्यप सहायक प्राध्यापक कैरियर गाइडेंस एण्ड प्लेसमेंट सेल सदस्य, किशोर चेलक सहायक प्राध्यापक, मेनका साहू, उमा द्विवेदी, दीपाली साहू, युवराज साहू, रोमन साहू, संगीता साहू, अंकिता पटेल, जयश्री गंजीर, नरोत्तम साहू, अर्चना बघेल, दामिनीमाला, चंचल साहू, मनीष कुमार, खिलेश्वरी, लक्ष्मी, पीयूष, अल्का, देवयानी, अस्था, शशीकांत, योगेंद्र कुमार तथा अन्य महाविद्यालयीन विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय कोर कमेटी की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर आज सुबह जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय कोर कमेटी की बैठक आहूत की गई।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर एवं आयुक्त विनय पोयाम ने कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 की तिथियों की घोषणा होने के साथ ही जिले में चुनावी गतिविधियां तेज हो गयी हैं। उन्होंने कहा कि जिले में बीते चुनाव में मतदान का प्रतिशत पूरे राज्य में पहले स्थान पर था, जिसमें स्वीप गतिविधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिले में संचालित स्वीप गतिविधियों के माध्यम से सभी वर्गों के मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होने कहा कि जिले में मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, सभी विभागीय अधिकारी इसकी तैयारियां पूरी कर लें।

इस दौरान उन्होंने मतदाता जागरूकता हेतु प्रतिदिन के कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार करने के लिए दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पचास पौवा अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहे आरोपी से 50 पौवा देशी मसाला शराब कीमती 5500/- रुपये जप्त कर कुरुद पुलिस द्वारा धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

कुरुद पुलिस ने मुखबीर से सूचना पर धनसिंग महेलकर उम्र 25 वर्ष निवासी मरौद को अपने घर में रखकर अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाया गया। जिसको रंगे हाथ पकड़ा गया। पुलिस को देखकर शराब खरीदने वाले भाग गए। जहां पर हमराह स्टॉफ एवं गवाहों के समक्ष संदेही व्यक्ति से नाम पता पूछ एक थैला में 50 पौवा देशी मसाला शराब प्रत्येक में 180-180 मिली शराब भरा हुआ। कुल कीमती 5,500/- रूपये गवाहों के समक्ष जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में सायबर प्रभारी सहित प्रआर. डैनी मंडावी, आर. गोपाल चंद्राकर किशोर देशमुख मनोज साहू दीपक साहू एवं थाना कुरूद स्टॉफ शामिल थे।



# सशिमं मड़ाईभाठा में छात्रों को टीडी का टीका लगाया गया



फोटो-21—सरस्वती

धमतरी। श्रीराम शिक्षण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय मड़ाईभाठा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज कक्षा पंचम एवं दशम के भैया बहिनों को टी डी का टीका लगा गया जिसमें स्वास्थ्य विभाग से रोशन साहू और मेनका कंवर के द्वारा टीका लगाया गया। इस अवसर पर आचार्य अमन राव उपस्थित थे।

# सिलौटी में स्वतंत्र एवं निषपक्ष मतदान की शपथ ली गई




हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय -सिलौटी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में स्वयंसेवकों एवं शिक्षकों के द्वारा विद्यालय परिसर में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर स्वयंसेवकों व शिक्षकों के द्वारा लोकतांत्रिक परम्पराओं के मर्यादा को बनाए रखते हुए, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया तथा उक्त आशय की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर संस्था प्रमुख पदमा बघेल, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी संतोष कुमार जैन, एके यादव, जेएन सोनवानी, सीपी साहू, एसके ध्रुव, एचआर साहू, वायके सेन, एनआर साहू, एनके साहू, एचके साहू, आकाश साहू, यशोदा साहू, फिरंता रजक व बड़ी संख्या में स्वयंसेवक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### भैसबोड़ स्कूल में न्योता भोजन का हुआ आयोजन

# स्कूली बच्चों ने चखा लड्डू, बड़ा का स्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

छत्तीसगढ़ के स्कूलों के बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट खाना देने के साथ भोजन में उनकी रुचि बढ़ाने के लिए न्योता भोजन शुरू किया गया है। कोई भी अपनी स्वेच्छा से स्कूलों में भोज का आयोजन कर सकता है। इसी के तहत ग्राम भैसबोड़ निवासी नारायण साहू ने अपने बेटे एवं बेटी की शादी के शुभ अवसर पर अपने बेटे जगन्नाथ साहू एवं अपनी नई बहु हेमा साहू के हाथों शास. नवीन प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के बच्चों को न्योता भोज कराया गया जिसमें स्कूल के बच्चो को खीर, पूड़ी, बड़ा, लड्डु एवं पापड़ परोसा गया। न्योता भौज पाकर बच्चों के मन में काफ़ी ख़ुशी रही।



इस अवसर पर नारायण साहू, टिकेश्वरी साहू, ललिता साहू, जगन्नाथ, हेमा साहू, आई बारले संकुल समन्वयक, अंबिका सिन्हा शिक्षिका, निषाद सर, देव कुमार ध्रुव शिक्षक, गोविन्द साहू, गुलशन सोनी, सुरेखा बघेल शिक्षिका साहू सहित बच्चे उपस्थित रहे।

Pride of Dhamtari

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल, बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन, स्पाईन सर्जरी एवं पेट, लीवर से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें



डॉ राजेश जैन
MS,MCh,FHU (Japan)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जरी विशेषज्ञ

डॉ अरुण अय्यर
MD,DM
Gastroenterologist
पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ

पंजीयन आवश्यक - 9424942992
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लायें
22 मार्च 2024 शुक्रवार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरूद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जोगामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## खबर संक्षेप

### अधिग्रहित वाहनों का फिटनेस टेस्ट और चालक, परिचालकों का होगा स्वास्थ्य परीक्षण

**धमतरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुचारू संपादन के लिए निर्वाचन कार्य में प्रयुक्त अधिग्रहित वाहनों का निर्वाचन पूर्व फिटनेस टेस्ट एवं वाहन चालकों/परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जायेगा। इसके तहत 31 मार्च को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय भोयना में तथा 23 व 24 अप्रैल को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज रूद्री स्थित यातायात स्टॉल में वाहनों का फिटनेस परीक्षण और चालक, परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा।

### अधारी नवागांव स्कूल में आठवीं के छात्रों को दी विदाई

**धमतरी।** शासकीय माध्यमिक शाला अधारी नवागांव वार्ड में कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह एवं प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत न्योता भोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य नागेंद्र पांडे थे। विशिष्ट अतिथि संकुल बठेना के समन्वयक राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, खुमान सिंह ठाकुर प्रधानपाठक थे। कक्षा आठवीं के बच्चों को कक्षा छठवीं एवं सातवीं के छात्रों द्वारा विदाई दी गई। श्रीमती मीनाक्षी वर्मा शिक्षिका द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। बच्चों को खीर, पूड़ी, हलवा, चावल, दाल एवं मिक्सवेज सब्जी व रायता दिया गया। भोजन पकाने का कार्य शाला प्रबंधन समिति की सदस्य यास्मीन बानो, अजमेरी बेगम, शाहिज़ा बेगम, ममता नवरंग, टिकेश्वरी ध्रुव, आरती साहू ने किया। कार्यक्रम में शाला परिवार की सदस्य शिखा श्रीवास्तव, कमल किशोर साहू, मीनाक्षी वर्मा समेत अन्य का सहयोग रहा।

### जनसहयोग से छिपली स्कूल में लगा स्मार्ट टीवी व सीसीटीवी कैमरा

**नगरी।** ग्राम छिपली के ग्रामीणों ने माध्यमिक विद्यालय के बच्चों को हाईटेक एजुकेशन दिलाने दान में स्मार्ट टीवी दिया। विद्यालय परिसर में सुरक्षा के दृष्टिकोण से जनसहयोग से सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। रिटायर्ड कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, पालक एवं ग्रामवासियों ने मदद की। सीसीटीवी कैमरा एवं स्मार्ट टीवी का उद्घाटन मन्नूलाल यादव जनपद सदस्य, सरपंच संत नेताम, बीआरसी रामूलाल साहू, ग्राम समिति अध्यक्ष त्रिभुवन बिसेन, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष योगेंद्र भट्ट एवं सेवानिवृत शिक्षक कुंजलाल साहू ने किया। कार्यक्रम में प्रधानपाठिका श्रीमती मुक्तेश्वरी सोम, समन्वयक उमेश सोम, शिक्षक देवकांत गजपाल, हरिशंकर कुर्रे, शिक्षिका श्रीमती इंदिरा साहू, श्रीमती पूनम गायकवाड़ उपस्थित थे।

### लुनिया परिवार ने विशेष बच्चों को दिया टी-शर्ट का उपहार

**धमतरी।** मानसिक दिव्यांग प्रशिक्षण केन्द्र सार्थक स्कूल में समाजसेविका श्रीमती ललिता लुनिया अपने बेटे अमित और बहू पूनम के साथ विशेष बच्चों से मिलने आई और गर्मी के मौसम के लिए उपयुक्त कॉटन की टी-शर्ट उपहार में दी गई। श्रीमती ललिता ने कहा कि सार्थक के प्रशिक्षक बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक शिक्षा भी दे रहे हैं। परिणामतः बच्चे बहुत कुछ सीख रहे हैं। आज के समय में बच्चे टीवी और मोबाइल फोन पर व्यस्त रहते हैं परंतु बचपन से ही सत्कार्य, पुण्य कार्य करने के संस्कार दिए जायेंगे तो बड़े होकर वे एक अच्छे इंसान बनेंगे। लुनिया परिवार ने विशेष बच्चों को टी शर्ट का उपहार दिया। उपहार पाकर विशेष बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आई और थैंक यू कहा। सार्थक अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव स्नेहा राठौड़ ने किया। इस अवसर पर राशि लुनिया, शिल्पा लुनिया, हेमलता साहू, प्रशिक्षक मैथिली गोड़े, गीतांजलि देवी, स्वीटी सोनी, देविका दीवान, सुनैना गोड़े समेत अन्य उपस्थित हो थे।

---

जेसीबी के माध्यम से नालों से प्रतिदिन 10 टन कचरा निकाल रहे

# बारिश पूर्व शहर के बड़े नालों की सफाई में जुटा निगम अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आयुक्त विनय कुमार पोयाम के निर्देश पर निगम अमला बारिश के पूर्व बड़ी नालियों एवं नालों की सफाई में जुट गई है। ताकि बारिश के पानी का निकासी बेहतर हो सके। साथ ही लोगों को वर्षा ऋतु में परेशानी न हो और न ही शहर में जलभराव की स्थिति का सामना न करना पड़े।

निगम के स्वास्थ्य अधिकारी मो. शेरखान, सहयोगी सुपरवाइजर धनेश सिन्हा, सूरज रजक आदि ने बताया कि बारिश पूर्व तैयारी को पूर्ण करने के उद्देश्य से वृहद स्तर पर कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत पूरे नालियों की सफाई को लेकर योजना बनाई गई है। शहर के बीचों बीच से बहने वाली पीडी नाला की सफाई पर



विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सफाई कार्य में जेसीबी, ट्रेक्टर एवं अन्य संसाधनों के साथ निगम के कर्मचारी लगे हुए हैं।

गौरतलब है कि शहर के 40 वार्डों में बारिश के मौसम में पानी निकासी की समस्या होने की वजह से आम आदमी बूरी तरह प्रभावित होता है। निचली बस्तियां जलमग्न हो जाती हैं। शहर के नेशनल हाईवे मार्ग, आमापारा, बठेना, महिमासागर वार्ड, साल्हेवारपारा, गोकुलपुर, पोस्ट आफिस वार्ड, पुराना बस स्टैंड, विमल टाकीज, शिव चौक, बनियापारा आदि क्षेत्रों में बरसाती पानी भर जाता है। जाम नालियों की वजह से पानी का फ्लो रूक जाता है। इसी जाम नालियों की वृहद स्तर पर सफाई की जा रही है। शहर के आउटर में निगरानी क्षेत्रों की सफाई जेसीबी के माध्यम से किया जा रहा है। सफाई कार्य में निगम के 25 से अधिक कर्मचारी जुटे हुए हैं। नालों में अटे पड़े, गाद, जलकुंभी, पत्थर, सीमेंट ईंट का टुकड़ा, कांच के अवशेष, बोतल, प्लास्टिक आदि को जेसीबी के माध्यम से निकाला जा रहा है। सफाई के दौरान प्रतिदिन 10 टन कचरा निकल रहा है। जिसे सूखने के लिए ट्रेक्टर के माध्यम से तत्काल ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया जा रहा है। शहर के पीडी नाला, रामबाग नाला, बाकरा नाला, बस्तर रोड नाला, सोरिद नाला, रायपुर रोड नाला, रूद्री रोड नाला आदि की सफाई क्रमवार की जा रही है। इसके पूर्व शहर के नालियों की सफाई किया जा चुका है।

इधर आयुक्त श्री पोयाम टीम को लेकर शहर के नालों का निरीक्षण करने प्रतिदिन सुबह निकल रहे हैं। निरीक्षण के दौरान सफाई को लेकर टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। श्री पोयाम ने पीडी नाला, सोरिद नाला, पीजी कॉलेज मोड़ के पास स्थित नाली का निरीक्षण गुरूवार को किया। उनके साथ उपायुक्त प्रवीण सार्वा भी साथ में थे। उन्होंने टीम से कहा कि तैयारियां ऐसा हो कि इस बार कहीं भी जलभराव की स्थिति ज्यादा देर तक देखने को न मिले। नालों से अनचाहे पेड़, पौधे जलकुंभी गाद को हटाने के निर्देश दिए।

## पोस्टर, रंगोली, रैली इत्यादि के माध्यम से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रहीं हैं। इसके तहत मजदूरों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं ने ग्रामीणों के साथ रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान करने की अपील की। रैली के दौरान उन्होंने नहीं करेंगे यदि मतदान, होगा बहुत बड़ा नुकसान, मत देना अपना अधिकार, बदले में ना लो उपहार, वोट हमारा है अधिकार, करें नहीं इसको बेकार, छोड़ के अपने सारे काम, पहले करें चलो मतदान संबंधी नारे लगाये गये। वहीं महाविद्यालयों में निर्वाचन साक्षरता क्लब के सदस्यों द्वारा रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान की अपील की गई। वनांचल सहित जिले के विभिन्न स्कूलों में भी मतदान संबंधी रंगोली, रैली, नुक्कड़, नाटक इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसके अलावा जिले की विभिन्न गैस एजेंसियों में मतदाता जागरूकता संबंधी बैनर सहित गैस सिलेण्डर ले जाने वाली गाड़ियों में बैनर, गैस पर्ची और गैस सिलेण्डर में भी मतदान करने संबंधी सील लगाकर अपील की जा रही है। इसी तरह जिले के विभिन्न कार्यालयों महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों में बाहर से आने वाले लोगों को अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा मतदान की शपथ दिलाई गई। वहीं जिले के श्यामतराई स्थित विजय राईस मिल श्यामतराई, ऋषभ राईस मिल, साईं एग्रोटेक में कार्यरत 300 से अधिक मजदूरों को मतदान की शपथ दिलाकर अधिक से अधिक मतदान करने और आसपास के लोगों को भी मतदान करने हेतु प्रोत्साहित करने कहा गया।

## सेमेस्टर परीक्षा फार्म भरने की तिथि घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर व्दारा सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत सत्र 2024 (मई–जून) की सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए पात्र परीक्षार्थी ऑनलाईन पद्धति से विश्वविद्यालय के वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डाट पीआरएसयूयेआईवी डाट इन व्दारा परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने की तिथि निर्धारित की गई है।

एमए/ एमएससी/ एमकॉम/ एमएससी होम सांईस व्दितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर (मुख्य/ भूतपूर्व/ एटीकेटी)। एलएलबी भाग एक, दो, तीन व्दितीय सेमेस्टर (नियमित/ भूतपूर्व/ एटीकेटी), एलएलबी प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर (भूतपूर्व/ एटीकेटी)। बीबीए व्दितीय/ चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर (मुख्य/ भूतपूर्व/ एटीकेटी)।

एमएससी आईटी व्दितीय/ चतुर्थ सेमेस्टर (मुख्य/ भूतपूर्व/ एटीकेटी) पुराना एवं नया पाठ्यक्रम, एमएससी आईटी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (एटीकेटी) पुराना एवं नया पाठ्यक्रम। पीजीडीसीए/ डीसीए व्दितीय सेमेस्टर (मुख्य/ भूतपूर्व)। ऑनलाईन व्दारा सम्पूर्ण शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन भरने की अंतिम तिथि 27/03/2024 से 10/04/2024 तक है। विलंब शुल्क रू. 100/– के साथ ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने की 11/04/2024 से 16/04/2024 तक अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

परीक्षा केन्द्र क्रमांक 401 बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी के परीक्षा केन्द्र में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्धारित तिथि के पश्चात सेमेस्टर परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जायेंगे। परीक्षार्थी परीक्षा फार्म भरने के पश्चात फार्म की हार्ड कॉपी अग्रेषण शुल्क राशि 30 रू. के साथ महाविद्यालय में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु परीक्षार्थी महाविद्यालय के सूचना पटल एवं वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं।

## श्री श्याम भक्तों ने निकाली निशान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

फागुन एकादशी पर फागुन उत्सव श्याम मंदिर कुरूद में धूमधाम और भक्तिभाव से मनाया गया। फागुन उत्सव के अवसर पर श्री श्याम मंदिर कुरूद में दोपहर 12:30 बजे खाटू वाले श्याम बाबा की महाआरती एवं स्तुति के साथ छप्पन भोग लगाया गया। 20 मार्च 2024 बुधवार को दोपहर 3:30 बजे पुराना बाजार स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर में भव्य श्री खाटू श्याम जी की निशान शोभायात्रा निकाली गई जो नगर भर में भ्रमण करने के पश्चात श्री श्याम मंदिर कुरूद पहुंची। जहां निशान धारियों ने बाबा श्री श्याम के जयकारे के साथ श्री श्याम दरबार में अपनी अपनी श्याम ध्वजा चढ़ाया।

इस अवसर पर दोपहर 3:30 बजे पुराना बाजार स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर में श्री श्याम जी की ध्वजा ( निशान) की पूजा अर्चना और



आरती पश्चात श्री खाटू श्याम की निशान शोभायात्रा आतिशबाजी और साउंड सिस्टम के साथ बाबा श्याम के सुमधुर भजनों - डोरी खैच के राखिजे यो है बाबो को निशान, सोना चांदी से नजर उतार दी, आदि भजन गीतों में भक्त जन नाचते निकाली गई। जो नगर के पुराना बाजार चौक, हुतात्मा चौक, सरोजिनी चौक, पुराना बस स्टैंड, कारगिल चौक होते, कचहरी चौक, बाय पास रोड, शंकर नगर से थाना रोड होते हुए श्री श्याम मंदिर कुरूद पहुंची। जहां पर श्रद्धालु जनों ने जय श्री श्याम, खाटू नरेश की जय और हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा के जयकारों के साथ श्री श्याम मंदिर में अपना निशान चढ़ाया तथा सायं 7:30 श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया।

जिसमे बड़ी संख्या में श्री श्याम भक्तजन शामिल हुए। इस फागुन महोत्सव में घनश्याम नवलनी, राजेंद्र अग्रवाल, कन्हैया नवलानी, मोहन अग्रवाल, सुभाष केला, राजेंद्र गुप्ता, जयेश नवलानी, मनोज अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अनमोल अग्रवाल, गोखलेश सिन्हा, गोविंद शर्मा, साकेत अग्रवाल, प्रतीक सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु श्याम भक्त उपस्थित थे।

## नातिन धोबिन दाई मेले का मुख्यमंत्री को आमंत्रण

- आचार संहिता खत्म होने के बाद होगा क्रियान्वयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ धोबी समाज ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को नवरात्र पर्व पर होने वाले नातिन धोबिन दाई मेले का निमंत्रण दिया साथ ही सहमति मिलने पर रजक महोत्सव का आयोजन करने की भी जानकारी दी। इसके साथ समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के साथ पहुचे जिला अध्यक्षों और क्षेत्रीय अध्यक्षों ने कहा अन्य राज्यों की तरह धोबी जाति को अनुसूचित जाति में शामिल किया जाए। धोबी का कार्य केवल धोबी को ही मिले दूसरे जाति के लोग इस कार्य में डांका डाल रहे हैं, उस पर रोक लगाई जाए। यह व्यवस्था महाराष्ट्र में लागू है समाज के लोगों ने उदाहरण भी सप्रमाण प्रस्तुत किया।

मेडिकल कॉलेज, मल्टीनेशनल होटल में गैर धोबी जाति को वेंडर



नहीं बनाने का अनुरोध किया और शर्त, नियम में धोबी जाति के लोग ही भाग ले सके ऐसा नियम बनाने की मांग की गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समाज के लोगों की बातों को गंभीरता से लेते हुए कहा जो मांग जायज है अवश्य पूरी की जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा नातिन धोबिन दाई देवी योगमाया के प्रथम अवतार हैं। हम लोगों ने सभी समाज के विषय पर गंभीरता से अध्ययन किया है। समाज के लोगों ने समाज के वरिष्ठ नेता तुलसी कौशिक को निजी सचिव बनाए जाने के लिए भी धन्यवाद ज्ञापित किया। जिस पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज तक छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री तो बहुत बड़ी बात है किसी मंत्री ने भी निजी सचिव धोबी समाज के व्यक्ति को नहीं बनाया। ऐसी बात नहीं है कि धोबी समाज में योग्यता की कमी है लेकिन आरक्षण से वंचित यह समाज संपन्नता से कोसों दूर है। मुख्यमंत्री ने धोबी समाज को हर संभव सहयोग देने का वादा किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाज के प्रथम महामंत्री हेमंत निर्मलकर, धनेश्वर निर्मलकर महासचिव बजरंगी छाटा बिलासपुर जिला अध्यक्ष पवन निर्मलकर दुर्ग जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर राजनांदगांव जिला अध्यक्ष चैतराम निर्मलकर रायगढ़ जिला अध्यक्ष रवि बरेट युवा प्रदेश अध्यक्ष रोशन निर्मलकर कोरबा प्रदेश उपाध्यक्ष धमतरी जिला प्रभारी कार्तिक राम निर्मलकर जिला युवा अध्यक्ष प्रभात सोनक्षेत्र राजधानी के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर युवा अध्यक्ष सुनील निर्मलकर धरसीवां परिक्षेत्र के अध्यक्ष मंसाराम निर्मलकर जांजगीर जिला संगठन प्रभारी महावीर कर्स महासमुंद जिला अध्यक्ष बालमुकुंद निर्मलकर कार्यवाहक युवा प्रदेश अध्यक्ष अंबे बाघमार राजधानी के उपाध्यक्ष दयाशंकर निर्मलकर बोधी राम निर्मलकर रमेश निर्मलकर कुंभ निर्मलकर प्रदेश प्रवक्ता अमन निर्मलकर आदि उपस्थित थे।

## प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का अभियान चलाकर काम करें कार्यकर्ता : जामवाल

- कुरुद में हुई विधानसभा स्तरीय भाजपा समन्वय समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्रीय महासंगठन मंत्री अजय जामवाल, संगठन महामंत्री पवन साय गुरुवार को कुरुद पहुंचे। जहां क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर, सांसद चुन्नीलाल साहू की उपस्थिति में भाजपा कार्यालय में समन्वय समिति की बैठक ली। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से जवाब तलब करते हुए उन्होंने अधिक वोटों से प्रत्येक बूथ जीतने के टिप्स दिए।

अजय जामवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी की 370 से अधिक सीटों पर विजय के साथ एनडीए गठबंधन के लिए 400 पार का लक्ष्य रखा है। मोदी के नेतृत्व में



केंद्र की भाजपा सरकार जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी सहित कश्मीर के लिए बलिदान देने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। हम कार्यकर्ताओं का भी कर्तव्य है कि अपने-अपने बूथों पर भाजपा के 370 वोट बढ़ाकर श्यामा प्रसादजी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें। हम इसकी शुरुआत हारे हुए बूथों में अभियान चलाकर करें। बेहतर बूथ प्रबंधन से ही हम अपने बूथ जीत सकते है।

बैठक को विधायक अजय चंद्राकर, संगठन मंत्री पवन साय ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा नेतागण आशु चंद्रवंशी, प्रकाश बैस, शंकर अग्रवाल, निरंजन सिन्हा, एल पी गोस्वामी, भानु चंद्राकर, रविकांत चंद्राकर, दयाराम साहू, तिलोक जैन, मालक राम साहू, ज्योति चंद्राकर, सिंधु बैस, जागृति साहू, पूर्णिमा साहू, भीम साहू, झगेश्वर ध्रुव, आनंद यदु, कुलेश्वर चंद्राकर, वीरेंद्र साहू, पुष्पेंद्र साहू, होरीलाल आदि उपस्थित थे।

जिला चिकित्सालय धमतरी के पूर्व दंत चिकित्सक डॉ. एके श्रीवास्तव ने सार्थक की स्थापना की थी

# सार्थक संस्था के 20वें स्थापना दिवस पर रंगोली सजाई गई

- शिक्षा के क्षेत्र में जीवन समर्पित कर आजीवन दान देने वाले स्व. गौरी शंकर श्रीवास्तव सार्थक के प्रथम संरक्षक थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

20 मार्च को सर गौरीशंकर श्रीवास्तव सेवा समिति धमतरी की सार्थक संस्था का 20 वां स्थापना दिवस, मानसिक दिव्यांग प्रशिक्षण केन्द्र सार्थक स्कूल धमतरी में धूमधाम से मनाया गया।

विगत 19 वर्षों से मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करने हेतु सार्थक की संस्थापक अध्यक्ष प्रभा रावत का सदस्यों एवं प्रशिक्षकों द्वारा शॉल व श्रीफल से सम्मान किया गया।

स्कूल के संचालन में विशेष सहयोग प्रदान करने के लिए, धमतरी के समाजसेवी स्व. रश्मि



राठौर परिवार के हीरल पीयूष राठौर, अमी मयूर राठौर, स्व. आईदान लोढ़ा परिवार के पुष्पा लोढ़ा, श्वेता लोढ़ा, अनूपचंद राखेचा परिवार के आलोक राखेचा को शॉल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

सर्वप्रथम आगंतुक अतिथियों एवं सार्थक अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी, सचिव स्नेहा राठौड़, सहसचिव वर्षा खंडेलवाल, सदस्य गौरव लोहाना ने देवी सरस्वती की प्रतिमा एवं स्व. गौरीशंकर श्रीवास्तव की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण किया। उसके पश्चात, स्कूल की विशेष बच्ची मनीषा साहू ने आयो रे शुभ दिन आयो रे .... गीत पर आकर्षक डांस कर सबका मन मोह लिया। स्थापना के शुभ दिन को खुशियों के साथ मनाते हुए प्रशिक्षकों ने आज से पहले आज से ज्यादा खुशी आज तक नहीं मिली ..... गीत गाया और बच्चों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए गुब्बारे लेकर उत्साहपूर्वक डांस किया। श्वेता लोढा ने बच्चों के लिए सुंदर प्रार्थना गीत गाया। अमी राठौर ने शुभकामनाएं दीं।

सार्थक अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी ने बताया कि 20 मार्च 2004 को जिला चिकित्सालय धमतरी में पदस्थ दंत चिकित्सक डॉक्टर ए.के. श्रीवास्तव ने सार्थक संस्था के लिए, प्रभा रावत अध्यक्ष, सरिता दोशी सचिव, स्नेहा राठौड़ कोषाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों को लेकर संस्था का गठन कर सारी औपचारिकताएं पूर्ण कर अपनी सेवाभावी धर्मपत्नी प्रीति श्रीवास्तव के साथ विवेकानंद कॉलोनी स्थित अपने घर पर ही 7 बच्चों से स्कूल की शुरुआत की थी। वर्तमान में डॉ. श्रीवास्तव, सेवानिवृत्ति के पश्चात मेडिकल कॉलेज भोपाल में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं और नेत्रदान, देहदान के लिए बड़े स्तर पर अनुकरणीय कार्य कर रहे हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले शिक्षक स्व. गौरीशंकर श्रीवास्तव ने इस संस्था के प्रथम संरक्षक के रूप में हमेशा प्रेरित और प्रोत्साहित किया।

डॉ दोशी ने बताया कि,20 वर्षों के सार्थक के संचालन में बहुत से उतार चढ़ाव आए, आर्थिक संकट की वजह से स्कूल बंद करने की नौबत भी आई पर सार्थक उसका सामना करते हुए मजबूती से खड़ा हैं। स्कूल की पूर्व प्रशिक्षक सुधापुरी गोस्वामी, प्रशिक्षक मैथिली गोड़े, गीतांजलि गुप्ता, मुकेश चौधरी, देविका दीवान,स्वीटी सोनी तथा आया सुनैना बाई एवं रिक्शा, ऑटो चालकों ने विषम परिस्थितियों में भी अपना साथ एवं सहयोग नहीं छोड़ा। शहर के फोटोग्राफर सुभाष मलिक, सार्थक को 17 वर्षों से अपनी निशुल्क सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। बच्चों के पालकगण भी अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने में पूर्ण सहयोग करते एवं आश्वस्त रहते हैं। सार्थक को समाज कल्याण विभाग धमतरी की ओर से 4 वर्षों से अनुदान प्राप्त हो रहा है और अन्य व्यय के लिए संस्था के सदस्य एवं धमतरी के समाज सेवी सहयोग करते हैं। धमतरी के शशि लुनावत एवं मदन लुनावत, प्रारंभकाल से ही सार्थक के मददगार के रूप में जुड़े रहे हैं। और ग्राम खपरी से पढ़ने आने वाली एक बालिका के ऑटो का किराया आज भी वहन कर रहे हैं।

सार्थक के 20 वर्षों के सफर में विशेष बच्चों में बेहद परिवर्तन आया है। नियमित प्रशिक्षण से बच्चे मिलनसार हो गए हैं, दूसरों की मदद करना, सुलेख लिखना, ड्रॉइंग, पेटिंग, रंगोली, खेल में अनेकों मैडल और सार्टिफिकेट हासिल किए हैं। सार्थक के विशेष बच्चे खेल में एवं सांस्कृतिक एवं कलात्मक आयोजनों में, धमतरी, अछोली, भिलाई, दुर्ग, बालोद, रायगढ़, लोनावाला, गांधीनगर, पोंडेचेरी जैसे शहरों में अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। स्कूल के संचालन में सार्थक के संरक्षक डॉ. ए. के. रावत, गोपाल शर्मा, मदन मोहन खंडेलवाल डॉ. आई. सी.जैन, डॉ प्रभात गुप्ता ने हमेशा सही दिशा निर्देशित किया है। श्रीमती पुष्पा लोढ़ा ने अपनी सासू मां स्व. आसी देवी लोढा की प्रथम पुण्यतिथि के स्मरणार्थ सार्थक संस्था को 11000 रुपए की राशि भेंट की। कार्यक्रम का संचालन सचिव स्नेहा ने किया। इस अवसर पर माही राठौर, प्रशिक्षक मैथिली गोड़े, गीतांजलि देवी, स्वीटी सोनी, देविका दीवान, सुनैना गोड़े उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कन्हारपुरी में श्रीमद् भागवत महापुराण 28 से

**डांडेसरा।** श्रीमती पार्वती कृतराम सिन्हा सरपंच ग्राम पंचायत कन्हारपुरी के द्वारा श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 28 मार्च से 5 अप्रैल तक शिव चौक ग्राम कन्हारपुरी में किया गया है। भगवताचार्य पंडित श्री योगेश वत्स महाराज उल्बा वाले होंगे।

### 23 मार्च को श्रद्धांजलि व्याख्यान

**धमतरी।** भारत माता के लिए अपने प्राणों की कुर्बानी देने वाले शहीदे आजम सरदार भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव के शहादत दिवस के अवसर पर स्थानीय घड़ी चौंक के पास/मकई गार्डन धमतरी में 23 मार्च 2024 (शनिवार) को शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक एक शाम शहीदों के नाम श्रद्धांजलि व्याख्यान तथा आमापारा चौंक में अमर शहीद सरदार भगत सिंह प्रतिमा में प्रातः 9 बजे माल्यार्पण श्रद्धा सुमन अर्पित का कार्यक्रम रखा गया है।

### डाक मतपत्र से मतदान हेतु सुविधा केन्द्र और तिथियां निर्धारित

**धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारी, कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु सुविधा केन्द्र स्थापित कर तिथियां निर्धारित की है। निर्वाचन में तैनात अधिकारी कर्मचारियों के लिए सुविधा केन्द्र सेंट मेरी इंग्लिश मीडियम स्कूल और मेनोनाईट इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी में 15 एवं 16 अप्रैल को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक, सुरक्षा बलों के लिए सुविधा केन्द्र अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय नगरी, तहसील कार्यालय कुरूद और तहसील कार्यालय धमतरी में 17 एवं 18 अप्रैल को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक तथा अनुपस्थित-अनिवार्य सेवा के निर्वाचकों के लिए तहसील कार्यालय धमतरी स्थित सुविधा केन्द्र में 24 एवं 25 अप्रैल को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक मतदान किया जा सकता है।

### अधिकारी, कर्मचारियों के आवेदन स्वीकृत करने काउंटर स्थापित

**धमतरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत अवकाश स्वीकृति आवेदनों एवं निर्वाचन ड्यूटी से पृथक होने संबंधी प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर अग्रिम कार्यवाही के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को प्रस्तुत किया जाना है। इसके लिए जिला पचांयत कार्यालय परिसर में काउंटर स्थापित कर आवेदन प्राप्त करने एवं पंजी संधारण सहित नस्ती के प्रस्तुतिकरण के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी आदेश जारी किये है। जारी आदेश में सहायक परियोजना अधिकारी श्रीमती कीर्ति मोहन को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए सहायक ग्रेड-2 डी.एल.साहू को प्रस्तुतिकरण और डाटा एंट्री ऑपरेटर श्रीकांत सोलंकी को आवेदन लेने एवं पंजी संधारण करने का दायित्व सौंपा है।

हर्बल गुलाल 100 से 150 रुपए प्रतिकिलो बिक रहा

# होली पर सजा रंग-गुलाल का बाजार पिचकारी और विग आकर्षण का केन्द्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

होली का त्योहार इस वर्ष 25 मार्च को मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर शहर का बाजार सज गया है। दुकानों के सामने सजाए गए रंग गुलाल की खुशबू लोगों को अपनी ओर खींच रही है। इसके अलावा देश में निर्मित पिचकारी होली कपड़े, बालों का विग आकर्षण का केन्द्र बने हैं। शहर के मकई चौक, गोलबाजार, सदरबाजार, रामबाग सहित अन्य क्षेत्रों में होली का सामान सजकर तैयार है, जहां ग्राहक खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। होली सामान के व्यापारी आशोक बुधवानी ने बताया कि उनके दुकान में लोगों की मांग के अनुरूप 50 रूपये से लेकर 800 रूपये तक पिचकारियां उपलब्ध हैं। इसके अलावा ड्रेगन मास्क, पिचकारियां, मल्टी कलर, स्मोक बॉक्स, हर्बल कलर आदि समान उपलब्ध है। हर्बल गुलाल इस वर्ष 100 से 150 रूपये प्रति किलो बिक रही है जो पूरी तरह प्राकृतिक और सुरक्षित है। बिकने वाली गुलाल महिला समूहों द्वारा तैयार किया गया है जो स्कीन को कोई नुकसान नहीं पहुंचाएगा।

व्यापारी प्रेमचंद सिन्हा, लोकेश मीनपाल आदि ने बताया कि इस वर्ष होली त्योहार के पहले रंग गुलाल व अन्य सामानों की बिक्री अच्छी हो रही है। उम्मीद है कि इस वर्ष व्यापार अच्छा रहेगा। होली के एक दिन पहले बिक्री जोर पकड़ेगी। ग्राहकों के मांग पर होली के कपड़े, पिचकारी, स्पार्कल गन, होली मैजिक, ग्लास, फायर सिलेंडर, ओलंपिक टार्च, होली पटाखे, फेस मास्क, बालों का विग आदि बाजार में उपलब्ध है। इस बार ग्राहकों को कई नई चीजें देखने को मिलेगी। होली वाले पटाखे आकर्षक का केन्द्र है। बच्चों को खूब पसंद आ रही है। सभी मल्टीकलर अब पैकेट में मिल रहे हैं।

### महंगा हुआ नगाड़ा

होली त्योहार पर गली चौक-चौराहों में बजने वाले नगाड़े पर इस बार महंगाई छाई हुई है। व्यापारी रवि जगने देमार व सावित्री महोबे ने बताया कि नगाड़ा बनाने में इस्तेमाल होने वाला चमड़ा, मिट्टी से बना मजबूत मटका और चमड़े को मटके पर चारों ओर बांधने वाला रस्सी की कीमत बढ़ जाने से इस बार महंगे में बिक रहे हैं। शहर के मकई चौक, रामबाग और इतवारी बाजार क्षेत्र में इन दिनों सैकड़ों की संख्या में नगाड़े बिकने के लिए रखे हुए हैं। व्यापारियों का कहना है कि इस वर्ष बड़े साइज के नगाड़े 3 हजार से 3200 रूपये है। मीडियम नगाड़े 1600-1800 रूपये तथा छोटे नगाड़े 1000-1200 रूपये है। डफली 100 से 150 रूपये में बिक रहे हैं। नगाड़ा प्रमुख रूप से डोंगरगढ़ और खैरागढ़ क्षेत्रों से आता है।



## परिक्षेत्र साहू समाज बानगर ने बनायी समर कैंप के लिए कार्ययोजना



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कर्मचारी प्रकोष्ठ तहसील कुरुद के अध्यक्ष महेंद्र कुमार साहू एवं परिक्षेत्र साहू समाज बानगर के अध्यक्ष प्रेमचंद साहू व महासचिव कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला धमतरी मनोज कुमार साहू के मार्गदर्शन में कर्मचारी प्रकोष्ठ बानगर में बैठक रखी गई। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी निशुल्क शैक्षिक एवं कैरियर मार्गदर्शन शिविर आयोजन हेतु योजना बनाने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कातलबोड के बैठक में चर्चा की गई।

उक्त बैठक में विभिन्न योजनाएं जैसे निशुल्क शैक्षिक एवं कैरियर मार्गदर्शन शिविर कक्षा नवमीं से प्रतियोगी परीक्षा के स्तर के विद्यार्थियों के लिए 01 से 31 मई तक आयोजित होगी । इसके साथ ही परिक्षेत्र साहू समाज बानगर के प्रत्येक ग्राम में दो चरणों में कक्षा पहली से कक्षा आठवीं तक के बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधि आधारित समर कैंप का आयोजन होना है। जिसमें परिक्षेत्र के सभी 12 ग्रामों को 2 जोन में बांटकर दो चरणों में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में छुपी प्रतिभा का प्रस्फुटन कराना है। साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा और नवमी से 12वीं कक्षा स्तर के बच्चों का शैक्षिक स्तर में वृद्धि करना है। इस बैठक में कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, संयोजक मनोज साहू, रविंद्र साहू, तूकेश्वर साहू, खिलेश्वर प्रसाद साहू, तेज राम साहू, प्रदीप सोनबर, ईश्वर साहू, भूपेंद्र कुमार साहू, रोशन लाल साहू, देवेंद्र कुमार साहू एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ के सभी सदस्य गण उपस्थित रहे।

# निगम आयुक्त ने किया फिल्टर प्लांट निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के नागरिकों को गुणवत्ता पूर्ण पानी घर तक पहुंचाने निगम आयुक्त विनय कुमार प्रतिबद्ध है। उन्होंने 1 महीने में चौथी बार फिल्टर प्लांट का दौरा किया, जिसे वहां कार्य कर रहे कर्मचारी मुस्तैदी से कार्य कर रहें। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करने के दौरान निगम टीम भी साथ थी। फिल्टर प्लांट में उपकरण का बेहतर होना और इसमें उपयोग किए जाने वाली सामग्री पर्याप्त मात्र में समय से पहले उपलब्ध करने अधिकारियों को निर्देश दिया। साथ ही फिल्टर प्लांट में फिल्टर मीडिया की हो रही मरमत कार्य को देखा।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं

इस दौरान आयुक्त ने विभागीय कर्मचारियों से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के कार्य के विषय में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्रीष्मकाल की शुरुआत के साथ ही पेयजल व पाइप लाइन संबंधी किसी भी प्रकार की अनियमितता और लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### एलर्ट मोड पर रहने हिदायत

ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए एडवांस में तैयारी करने की बात कही। इसका प्रस्ताव उनके समक्ष समय से पहले पेश करने निर्देशित किया। उन्होने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में कार्यरत केमिस्ट, इलेक्ट्रीशियन व तकनीकी सहायक सहित पंप अटेंडेंट कर्मचारियों को सख्त शब्दों कार्य संपादन के दौरान एलर्ट मोड पर रहने की हिदायत दी है।

# 45 पौव्वा देशी प्लेन के साथ शराब कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी/भखारा

भखारा पुलिस को दिनांक 21 मार्च को मुखबीर से सूचना मिलने पर तत्काल थाना स्टॉफ रवाना कर ग्राम कोपेडीह पुल के पास आरोपी राजकुमार खुटे पिता स्व. रामप्रसाद खुंटे उम्र 42 वर्ष साकिन कोपेडीह थाना भखारा जिला धमतरी को एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में अवैध रुप से शराब रखकर पैदल परिवहन करते पकड़ा गया। कोपेडीह जाते समय पुल के पास उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसके पास रखे प्लास्टिक बोरी में 45 पौवा देशी प्लेन शराब प्रत्येक 180-180 एमएल कुल 8.100 लीटर कीमती कुल 3600/- रुपये को जब्त कर आरोपी राजकुमार खुंटे के विरुद्ध अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भखारा लेखराम ठाकुर, प्रआर. सीताराम



नारंग, आर. संदीप साहू, मिथलेश खापर्डे, हरिशंकर डहरिया का विशेष योगदान रहा।



# त्यौहार में हुड़दंगियों पर नजर रखने सीसीटीवी कैमरों की मरम्मत शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आगामी होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने हुड़दंगियों पर नजर रखने शहर के चौक चौराहों में लगे सीसी टीवी कैमरों की मरम्मत कार्य शुरु कर दिया है।

त्यौहार के पूर्व शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बनाने यातायात डीएसपी मणीशंकर चंद्रा द्वारा ट्रेफिक स्टाफ के साथ शहर के सदर मार्ग व मुख्य मार्ग किनारे के

### मार्ग में रंग गुलाल बेचने वालों को दी गई हिदायत

व्यवसायियों द्वारा रंग, गुलाल व पिचकारी की दुकान लगाकर सड़क बाधित होने पर उन्हें समझाइश दी।

वहीं दूकानदारों को मार्ग किनारे रंग गुलाल की दुकान नहीं लगाने एवं ग्राहकों को सड़क पर वाहन खड़ी नहीं कराने समझाया गया। इसी तरह शांति व्यवस्था बनाए रखने त्यौहार पर हुड़दंग करने वाले वाहन चालकों पर नजर रखने शहर के चौक चौराहों में लगे सीसीटीवी कैमरे की मरम्मत कराया जा रहा है। आदर्श आचार संहिता का पालन कराने वाहनों में लगे नाम, पदनाम पट्टिका को निकाल आचार संहिता का पालन करने की समझाइश दी जा रही है।

# दुर्गेश ने इंटरनेशनल किक बाक्सिंग में जीता मैडल

- न तो खेल सामग्री, न जगह, फिर भी धमतरी समेत प्रदेश का किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

किक बाक्सिंग खेल के लिए धमतरी में कहीं भी सुविधा नहीं है, लेकिन खिलाड़ी दुर्गेश पटेल इसे खेलने के लिए कभी हार नहीं माना। तैयारी के लिए सामग्री मिला न जगह, लेकिन उनके अंदर ऐसा जुनून था कि खुले मैदान में पिछले छह-सात सालों से तैयारी कर आज इंटरनेशनल किक बाक्सिंग स्पर्धा के लिए खुद को तैयार बड़ी-बड़ी स्पर्धा में शामिल होकर व मैडल लाकर धमतरी व



छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम रौशन कर रहे हैं।

पिछले दिनों दिल्ली में आयोजित इंटरनेशनल किक बाक्सिंग प्रतियोगिता में दुर्गेश पटेल ने हिस्सा लिया। स्पर्धा में अपनी क्षमता दिखाकर मैडल पर कब्जा किया है। खिलाड़ी दुर्गेश पटेल ने बताया कि वह पिछले छह-सात सालों से अभाव के बीच किक बाक्सिंग को लेकर कड़ी मेहनत कर रहा है। उनके लिए जिला में खेल सुविधा है न जगह। फिर भी इस खेल को लेकर वह हार नहीं माना। धमतरी शहर के इंडोर स्टेडियम के खुले ग्राउंड में मेहनत कर आगे बढ़ा। आज स्वयं को इतना मजबूत कर लिया है कि उन्हें इंटरनेशन खेल खेलने का मौका मिल रहा है। पिछले दिनों दिल्ली में आयोजित इंटरनेशनल किक बाक्सिंग स्पर्धा में उन्हें तीसरा स्थान मिला है।

### खेलना चाहता है ओलंपिक

इस खेल में उनकी तैयारी जारी है। यदि शासन-प्रशासन व राज्य सरकार से उन्हें कुछ सहयोग मिल जाए, तो इंटरनेशनल व ओलंपिक में गोल्ड मैडल देश के नाम कर सकता है। उन्होंने बताया कि आज किक बाक्सिंग को लेकर शहर व गांवों के बच्चों में खेलने उत्सुकता है, लेकिन सुविधा नहीं है, ऐसे में बच्चे मायूस हो रहे हैं। यही वजह है कि इस खेल में धमतरी जिला पिछड़ा हुआ है। जिला प्रशासन यदि उन्हें जगह दिला दें, तो वह स्वयं बच्चों को किक बाक्सिंग की तैयारी कराकर कई मैडल धमतरी जिले के नाम कर सकते हैं। खेल सुविधा और प्रशिक्षण कराने के लिए जगह के अभाव के चलते वह चाहकर बच्चों को यह खेल नहीं सीखा पा रहे हैं।

# अवैध शराब परिवहन करते युवक गिरफ्तार

**धमतरी।** स्कूटी में अवैध रूप से शराब का परिवहन कर रहे युवक को अर्जुनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिरी की सूचना पर अवैध शराब परिवहन पर कार्रवाई करने अर्जुनी पुलिस की टीम ने भखारा मार्ग में फौजी होटल के पास घेराबंदी किया। इसी दौरान स्कूटी क्रमांक सीजी 05 एके 2261 में आनंद होटल के संचालक तारकेश्वर मीनपाल उर्फ टाकू को



रोककर तलाशी ली गई। इस दौरान उसके कब्जे से 45 पौवा अवैध शराब कीमत 3 हजार 700 रूपये बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी तारकेश्वर उर्फ टाकू पिता आनंदराम उम्र 38 वर्ष ग्राम व थाना अर्जुनी निवासी को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। अर्जुनी पुलिस आरोपी की पूर्व अपराधिक रिकार्ड खंगाल रही है।




# कुरूद कालेज के स्वयंसेवक चला रहे मतदाता जागरुकता अभियान



**कुरूद।** संतगुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के प्राचार्य डीके राठौर के निर्देशन एवं स्वीप तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में स्वयंसेवकों द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव हेतु विभिन्न स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस जागरूकता कार्यक्रम हेतु स्वीप के कैम्पस एम्बेसेडर के रूप में मोजेश साहू एवं तुलेश्वरी साहू को नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में महाविद्यालय के स्वयंसेवकों के द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर कुरूद पहुँचकर वहाँ के शिक्षक- शिक्षिकाओं सहित छात्र–छात्राओं को जागरूकता कार्यक्रम से जुड़ने एवं अपनें परिजनों तथा आस–पड़ोस के लोगों को भी निष्पक्ष एवं स्वतंत्र मतदान करने हेतु प्रेरित करने का आग्रह किया गया। इस कार्यक्रम में रासेयो इकाई के स्वयंसेवक केशव ध्रुव एवं रोशनी साहू सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक सम्मिलित हुए।

